Title: Need for construction of a by-pass at Rewa on National Highway No. 7 in Madhya Pradesh. – Laid.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के रीवा नगर में राट्रीय राजमार्ग संख्या 7 पर बाईपास का निर्माण विगत कई वाँ से लंबित है। भूमि का अधिग्रहण भी हो गया है किंतु अभी तक निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है। इस राजमार्ग के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े हायर सैकेण्ड्री स्तर के विद्यालय तथा तीन महाविद्यालय स्थित हैं। निर्माण कार्य आरंभ न होने के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और अब तक कई छात्रों की मृत्यु भी हो चुकी है। विद्यालय और महाविद्यालय के अतिरिक्त इस राजमार्ग पर दर्जनों औद्योगिक इकाइयां भी स्थित हैं, जिनमें हजारों लोग काम करते हैं। पूर्व में केन्द्र सरकार इस राजमार्ग का निर्माण करना चाहती थी परन्तु प्रदेश सरकार अवरोध उत्पन्न करती रही थी और अब प्रदेश सरकार निर्माण कार्य कराना चाहती है परन्तु केन्द्र सरकार की स्वीकृति नहीं मिल रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राट्रीय राजमार्ग संख्या 7 का तत्काल निर्माण कार्य आरंभ कराने हेतु निर्देश प्रदान करने का कट करें ताकि रीवा नगर के नि वासियों और पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के जान माल की रक्षा की जाये और आवागमन सरल हो सके।